# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-I
## पत्र-I
### (हिन्दी साहित्य का इतिहास)
***वार्षिक परीक्षा, 2020***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. साहित्य इतिहास के प्रयोजनों पर प्रकाश डालिए ।
2. हिन्दी साहित्य के इतिहास के काल विभाजन एवं नामकरण के औचित्य पर विचार कीजिए ।
3. आदिकालीन साहित्य की प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए ।
4. रासो काव्य का अर्थ स्पष्ट करते हुए रासो–काव्य की विवेचना कीजिए ।
5. भक्ति–आन्दोलन की विभिन्न धाराओं का परिचय देते हुए उन धाराओं के प्रमुख कवियों का उल्लेख कीजिए ।
6. प्रेममार्गी शाखा के काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।
7. राम कथा की परम्परा का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।
8. रीतिकाल के ऐतिहासिक एवं साहित्यिक पृष्ठभूमि की विस्तृत चर्चा कीजिए ।
9. प्रमाणित करें कि बिहारी रीति सिद्ध कवि हैं ।
10. किन्हीं ***दो*** पर टिप्पणी लिखिए :–
    (क) आचार्य बल्लभाचार्य
    (ख) गासाँ द तासी
    (ग) अपभ्रंश काव्य
    (घ) कबीर

• • •

**EXAMINATION PROGRAMME-2020**
**M.A. Hindi, Part-I**

| Date | Papers | Time | Examination Centre |
|---|---|---|---|
| 05.04.2021 | Paper–I | 2.30 PM to 5.30 PM | Sir G. D. Patliputra S. S. School, Jagat Narayan Road, KadamKuan, Patna-800003 |
| 07.04.2021 | Paper–II | 2.30 PM to 5.30 PM | Sir G. D. Patliputra S. S. School, Jagat Narayan Road, KadamKuan, Patna-800003 |
| 09.04.2021 | Paper–III | 2.30 PM to 5.30 PM | Sir G. D. Patliputra S. S. School, Jagat Narayan Road, KadamKuan, Patna-800003 |
| 12.04.2021 | Paper–IV | 2.30 PM to 5.30 PM | Sir G. D. Patliputra S. S. School, Jagat Narayan Road, KadamKuan, Patna-800003 |
| 15.04.2021 | Paper–V | 2.30 PM to 5.30 PM | Sir G. D. Patliputra S. S. School, Jagat Narayan Road, KadamKuan, Patna-800003 |
| 17.04.2021 | Paper–VI | 2.30 PM to 5.30 PM | Sir G. D. Patliputra S. S. School, Jagat Narayan Road, KadamKuan, Patna-800003 |
| 22.04.2021 | Paper–VII | 2.30 PM to 5.30 PM | Sir G. D. Patliputra S. S. School, Jagat Narayan Road, KadamKuan, Patna-800003 |
| 26.04.2021 | Paper–VIII | 2.30 PM to 5.30 PM | Sir G. D. Patliputra S. S. School, Jagat Narayan Road, KadamKuan, Patna-800003 |

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय

## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-I

## पत्र-II

(प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य)

***वार्षिक परीक्षा, 2020***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. ''विद्यापति भक्त कवि हैं अथवा श्रृंगारिक ?''—इस कथन की समीक्षा कीजिए ।
2. कबीर काव्य के भाव—पक्ष पर प्रकाश डालिए ।
3. जायसी के नख—शिख वर्णन की विशेषताओं का उद्घाटन कीजिए ।
4. सूर के भ्रमर—गीत की विशेषताओं का उद्घाटन कीजिए ।
5. तुलसीदास की काव्य—कला का परिचय दीजिए ।
6. बिहारी के काव्य में श्रृंगार—भाव पर प्रकाश डालिए ।
7. घनानन्द की भाषा—शैली की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।
8. तुलसी ***अथवा*** बिहारी का साहित्यिक परिचय दीजिए ।
9. हिन्दी वीर—काव्य में भूषण का स्थान निर्धारित कीजिए ।
10. निम्नलिखित अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए —

(क) पानी बिच मीनपियासी, मोहिं सुन सुन आवै हँासी ।
घर में वस्तु नजर नहिं आवत ।
बन बन फिरत उदासी
आतम ज्ञान बिना जग झूठा
क्या मथुरा क्या कासी ।

(ख) अति सूधौ सनेह को मारग है जहाँ नेकु सयानप बाँक नहीं ।
तहाँ साँचे चलै तजि आपनपौ झझकै कपटी जे निसांक नहीं ।
धन आनन्द प्यारे सुजान सुनौ जहाँ एक तें दूसरों आंक नहीं ।
तुम कौन धौ पाटी पढ़े हो कहो, मन लेहु पै देहु छटांक नहीं ।''

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय

**एम०ए० हिन्दी, पार्ट-I**

**पत्र-III**

(हिन्दी कथा–साहित्य)

***वार्षिक परीक्षा, 2020***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*प्रत्येक खण्ड से कम से कम दो–दो प्रश्नों का चयन करते हुये कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

## *खण्ड–'क'*

1. प्रेमचंद की उपन्यास–कला पर प्रकाश डालिए ।
2. 'सुनिता' में प्रतिपादित जैनेन्द्र के जीवन–दर्शन पर प्रकाश डालिए ।
3. 'बाणभट्ट की आत्मकथा' उपन्यास के कथ्य पर विचार कीजिए ।
4. 'मैला आँचल' में चित्रित राजनीतिक–सामाजिक स्थितियों पर प्रकाश डालिए ।
5. धनिया, श्रीकान्त, भट्टिनी में से किसी एक का चरित्र चित्रण कीजिए ।

## *खण्ड–'ख'*

6. 'कफन' की भाषा शैली पर विचार कीजिए ।
7. 'आकाशदीप' कहानी की कथावस्तु पर प्रकाश डालिए ।
8. कहानी कला की दृष्टि से 'जाह्नवी' कहानी का मूल्यांकन कीजिए ।
9. 'शरणागत' कहानी के वैशिष्टय का उद्घाटन कीजिए ।
10. 'हीरामन सचमुच हीरा है ।' इस कथन का परीक्षण कीजिए ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-I
## पत्र-IV
(भाषा विज्ञान)

***वार्षिक परीक्षा, 2020***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. भाषा विज्ञान की परिभाषा देते हुए इसके विविध प्रकारों का परिचय दीजिए ।
2. भाषा विज्ञान का ज्ञान–विज्ञान की अन्य शाखाओं से क्या सम्बन्ध है, सविस्तार चर्चा कीजिए ।
3. भाषा की उत्पत्ति विषयक विभिन्न मतों का उल्लेख कीजिए ।
4. व्यंजनों की परिभाषा देते हुए उसके वर्गीकरण पर प्रकाश डालिए ।
5. शब्द की परिभाषा देते हुए उसके वर्गीकरण के आधार स्पष्ट कीजिए ।
6. रूप परिवर्त्तन की दिशाओं और उसके कारणों पर विचार कीजिए ।
7. वाक्य के तत्त्वों का परिचय दीजिए ।
8. अर्थ परिवर्तन की दिशाओं का आकलन प्रस्तुत कीजिए ।
9. सम्प्रेषण की विविध दिशाओं का आधुनिक रूप क्या है ?
10. शैली विज्ञान की परिभाषा देते हुए उसकी उपपत्तियों पर प्रकाश डालिए ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-I
## पत्र-V
### (भारतीय काव्य शास्त्र)
***वार्षिक परीक्षा, 2020***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. काव्य लक्षण से आप क्या समझते हैं ? भारतीय मतों के आधार पर समीक्षा कीजिए ।
2. काव्य प्रयोजन सम्बंधी विभिन्न मतों की समीक्षा कीजिए ।
3. भरतमुनि के रस सूत्र के आलोक में रस के अवयवों का परिचय दीजिए ।
4. भट्टनायक के भोगवाद या मुक्तिवाद का समीक्षात्मक परिचय दीजिए ।
5. अलंकार की विविध परिभाषाओं पर विचार करते हुए काव्य में अलंकार के महत्त्व को निरूपित कीजिए ।
6. ''रीति काव्य की आत्मा है'' इस मत से आप कहाँ तक सहमत हैं ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए ।
7. वक्रोति सम्प्रदाय की स्थापनाओं का विवेचन कीजिए ।
8. ध्वनि के भेदों पर प्रकाश डालिए ।
9. औचित्य सिद्धान्त के प्रमुख भेदों पर प्रकाश डालिए ।
10. निम्नलिखित अलंकारों का सोदाहरण परिचय दीजिए –
    श्लेष, वक्रोति, संदेह, अनुप्रास ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-I
## पत्र-VI
## (हिन्दी से इतर भारतीय भाषाएँ)
***वार्षिक परीक्षा, 2020***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. बाल्मिकी रामायण के प्रतिपाद्‌य को अपने शब्दों में लिखिए ।
2. संस्कृत के महाकाव्यों का परिचय दीजिए ।
3. संस्कृत गीतिकाव्य–परम्परा का परिचय दीजिए ।
4. संस्कृत साहित्यशास्त्र के सुप्रतिष्ठित सम्प्रदायों का परिचय दीजिए ।
5. मलयालम के आलोचना साहित्य के विकास की रूपरेखा स्पष्ट कीजिए ।
6. कन्नड़ के नाटक–साहित्य के विकास की रूपरेखा स्पष्ट कीजिए ।
7. गुजराती साहित्य की ज्ञानमार्गी कविताधारा का परिचय दीजिए ।
8. बंगला के प्रेमाख्यान काव्यों का परिचय दीजिए ।
9. गालिब का परिचय दीजिए ।
10. तमिल संघ–युग का परिचय दीजिए ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-I
## पत्र-VII
(प्रयोजनमूलक हिन्दी)

***वार्षिक परीक्षा, 2020***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. प्रयोजनमूलक भाषा और सामान्य–भाषा के अन्तर को स्पष्ट कीजिए ।
2. प्रयोजनमूलक हिन्दी के विकास विस्तार का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।
3. अनुवाद की विभिन्न प्रक्रियाओं पर प्रकाश डालिए ।
4. स्रोत भाषा और लक्ष्य भाषा को परिभाषित कीजिए ।
5. पारिभाषिक शब्दावली के स्वरूप एवं महत्त्व पर संक्षेप में प्रकाश डालिए ।
6. पल्लवन के मुख्य सिद्धान्तों का उल्लेख कीजिए ।
7. नालन्दा खुला विश्वविद्यालय में सहायक का पद रिक्त है । उसकी नियुक्ति के लिए समाचार पत्रों में दिए जाने वाले विज्ञापन का प्रारूप दीजिए ।
8. जन–संचार के श्रव्य माध्यमों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।
9. सम्पादकीय टिप्पणी और 'अग्रलेख' का अन्तर बताते हुए इनके महत्त्व पर प्रकाश डालिए ।
10. (क) निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी पर्याय दीजिए :–

| | | |
|---|---|---|
| Secretary, | Magistrate, | Inspector, |
| Ambassador, | Observer, | Examiner, |
| Surgeon, | Clarification | |

(ख) निम्नलिखित शब्दों के अंग्रेजी पर्याय दीजिए :–

| | | |
|---|---|---|
| विषय वस्तु, | कल्याण, | स्थानान्तरण, |
| निर्देश, | सूची, | श्रमिक, |
| हस्तशिल्प, | वेतन–वृद्धि | |

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-I
## पत्र-VIII
### (हिन्दी आलोचक और आलोचना)
***वार्षिक परीक्षा, 2020***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. इतिहास और आलोचना के संदर्भ में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की दृष्टि का विश्लेषण कीजिए ।
2. आचार्य शुक्ल के आलोचनात्मक मानदण्डों को स्पष्ट कीजिए ।
3. आलोचना के क्षेत्र में पं० नन्द दुलारे बाजपेयी के योगदान की चर्चा कीजिए ।
4. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की समीक्षा पद्धति की विशिष्टताओं का उल्लेख कीजिए ।
5. ''गुलाबराय की समीक्षा पद्धति समन्वयात्मक थी।''—इस कथन की समीक्षा कीजिए ।
6. 'डॉ० नगेन्द्र —'रससिद्धांत' के आधुनिक व्याख्याता थे' —समीक्षा कीजिए ।
7. पं० विश्वनाथ प्रसाद मिश्र की रीतिकालीन शास्त्रीय व्याख्या पर प्रकाश डालिए ।
8. निराला साहित्य और रामविलास शर्मा पर एक लेख लिखिए ।
9. आचार्य नलिन विलोचन शर्मा की आलोचना की विशेषताओं पर विचार कीजिए ।
10. डॉ० नामवर सिंह की काव्य समीक्षा पद्धति पर प्रकाश डालिए ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-II
## पत्र-IX
## (भारतेन्दु एवं द्विवेदी युग)
**वार्षिक परीक्षा, 2020**

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*प्रत्येक खण्ड से कम से कम दो–दो प्रश्नों का चयन करते हुये कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

### खण्ड 'क'

1. भारतेन्दु युगीन साहित्य का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।
2. बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमधन' की काव्यगत विशेषताओं का विवेचन कीजिए ।
3. भारतेन्दु युग के प्रमुख उपन्यासकारों का परिचय दीजिए ।
4. भारतेन्दु के नाटकों की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।
5. आलोचक बालकृष्ण भट्ट का परिचय दीजिए ।

### खण्ड 'ख'

6. द्विवेदी युगीन काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए ।
7. उपन्यासकार देवकीनन्दन खत्री की उपन्यास कला पर प्रकाश डालिए ।
8. द्विवेदीयुगीन किन्हीं चार कहानीकारों का परिचय दीजिए ।
9. द्विवेदी युगीन नाटय साहित्य की प्रमुख प्रवृत्तियों पर विचार कीजिए ।
10. किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए :–
    (क) सरस्वती (पत्रिका) (ख) मिश्र बन्धु
    (ग) बाबू श्यामसुन्दर दास (घ) कहानीकार सुदर्शन

• • •

**EXAMINATION PROGRAMME-2020**
**M.A. Hindi, Part-II**

| Date | Papers | Time | Examination Centre |
|---|---|---|---|
| 28.01.2021 | Paper–IX | 10.30 AM to 1.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 30.01.2021 | Paper–X | 10.30 AM to 1.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 02.02.2021 | Paper–XI | 10.30 AM to 1.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 04.02.2021 | Paper–XII | 10.30 AM to 1.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 06.02.2021 | Paper–XIII | 10.30 AM to 1.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 09.02.2021 | Paper–XIV | 10.30 AM to 1.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 11.02.2021 | Paper–XV | 10.30 AM to 1.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |
| 13.02.2021 | Paper–XVI | 10.30 AM to 1.30 PM | Nalanda Open University, 2nd Floor, Biscomaun Bhawan, Patna |

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-II
## पत्र-X
### हिन्दी साहित्य का इतिहास
### (आधुनिक काल : छायावाद से लेकर प्रगतिवाद तक)
***वार्षिक परीक्षा, 2020***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. छायावाद के उद्भव एवं विकास पर प्रकाश डालिए ।
2. छायावादी–काव्य में राष्ट्रीय–सांस्कृतिक धारा का उदाहरण सहित उल्लेख कीजिए ।
3. प्रगतिवाद के प्रमुख कवियों का साहित्यिक परिचय दीजिए ।
4. प्रसादोत्तर हिन्दी नाट्य साहित्य पर प्रकाश डालिए ।
5. जयशंकर प्रसाद की नाट्यकला पर प्रकाश डालिए ।
6. उपन्यासकार यशपाल के उपन्यासों की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।
7. हिन्दी कहानी साहित्य में जैनेन्द्र एवं अज्ञेय के अवदान पर प्रकाश डालिए ।
8. शिवपूजन सहाय की निबन्ध–कला का विवेचन कीजिए ।
9. रामचन्द्र शुक्ल के समकालीन आलोचकों का परिचय दीजिए ।
10. हिन्दी संस्मरण साहित्य पर एक लेख लिखिए ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-II
## पत्र-XI
(प्रयोगवाद और समकालीन साहित्य)

***वार्षिक परीक्षा, 2020***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. प्रयोगवाद के उद्भव की परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए ।
2. प्रयोगवाद के प्रमुख कवियों का परिचय दीजिए ।
3. नई कविता की प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए ।
4. प्रपद्यवाद वाद पर एक लेख लिखिए ।
5. मोहन राकेश की नाट्य कला पर प्रकाश डालिए ।
6. हिन्दी कहानी के विकास में महिला कथाकारों के योगदान पर विचार कीजिए ।
7. साठोत्तरी हिन्दी उपन्यास साहित्य में स्त्री–विमर्श पर विचार कीजिए ।
8. शुक्लोत्तर हिन्दी आलोचना की समीक्षा कीजिए ।
9. 'आत्मकथा' साहित्य के उद्भव एवं विकास पर प्रकाश डालिए ।
10. किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए :–
    (क) जय शंकर प्रसाद
    (ख) अज्ञेय
    (ग) मार्क्सवाद
    (घ) तार सप्तक

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-II
## पत्र-XII
(नाटक और रंगमंच)

***वार्षिक परीक्षा, 2020***

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. नाटिका के स्वरूप और लक्षणों पर प्रकाश डालिए ।
2. रस–योजना की दृष्टि से चन्द्रावली नाटिका पर प्रकाश डालिए ।
3. नाट्य–कला की दृष्टि से स्कन्दगुप्त नाटक की समीक्षा कीजिए ।
4. 'स्कन्दगुप्त' नाटक की संवाद योजना पर प्रकाश डालिए ।
5. रंगमंच और अभिनेयता की दृष्टि से 'स्कन्दगुप्त' नाटक पर विचार कीजिए ।
6. नाटककार मोहन राकेश का परिचय दीजिए ।
7. 'आषाढ़ का एक दिन' के शिल्प पर विचार कीजिए ।
8. 'आषढ़ का एक दिन' के वस्तु विन्यास की समीक्षा कीजिए ।
9. 'बकरी' नाटक के कथ्य पर प्रकाश डालिए ।
10. किसी एक का चरित्र चित्रण कीजिए :–
    (क) चन्द्रावली
    (ख) स्कदगुप्त
    (ग) कालिदास

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-II
## पत्र-XIII
## (आधुनिक कथा साहित्य)
**वार्षिक परीक्षा, 2020**

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*प्रत्येक खण्ड से कम से कम दो–दो प्रश्नों का चयन करते हुये कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

### खण्ड 'क'

1. राग दरबारी में चित्रित व्यंग्य की सार्थकता पर विचार कीजिए ।
2. 'राग दरबारी' की भाषा–शैली का मूल्यांकन कीजिए ।
3. 'महाभोज' शीर्षक की सार्थकता पर विचार करते हुए इसके उद्देश्य पर प्रकाश डालिए ।
4. बिंदा का चरित्र चित्रण कीजिए ।
5. 'नीला चाँद' अमोघ इच्छा शक्ति का नाम है । उपन्यास के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

### खण्ड 'ख'

6. 'जहाँ लक्ष्मी कैद है' शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए ।
7. कहानी कला की दृष्टि से 'वाफसी' कहानी की समीक्षा कीजिए ।
8. रजुआ का चरित्र चित्रण कीजिए ।
9. 'गुलकी बन्नो' कहानी की कथावस्तु पर प्रकाश डालिए ।
10. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :–
    (क) पर कभी उसने जबान लड़ाई तो खैर नहीं । हमारा हाथ बड़ा जालिम है ।
    (ख) अरे नरेन्द्र, बाबूजी की चारपाई कमरे से निकाल दे । उसमें चलने तक की जगह नहीं ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-II
## पत्र-XIV
(निबन्ध तथा अन्य गद्य विधाएँ)

**वार्षिक परीक्षा, 2020**

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. ललित निबन्ध की विशेषताएँ बताइये ।
2. निबन्ध कला की दृष्टि से 'निर्वासन और नीलकंठ प्रिया' की समीक्षा कीजिए ।
3. गद्य काव्य से आप क्या समझते हैं ? गद्यकाव्य की परम्परा पर प्रकाश डालिए ।
4. गद्यकाव्यकार के रूप में रामकृष्ण दास का परिचय दीजिए ।
5. 'उनमन' तथा 'अन्तर्नाद' गद्यकाव्यों की समीक्षा कीजिए ।
6. यात्रा वृतान्त के स्वरूप एवं परम्परा पर प्रकाश डालिए ।
7. रेखाचित्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।
8. 'जंजीरे और दीवारें' की समीक्षा कीजिए ।
9. लघुकथा साहित्य के विकास पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए ।
10. 'रेल की पटरियाँ' तथा 'दूब और बरगद'की समीक्षा कीजिए ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-II
## पत्र-XV
## ( पाश्चात्य आलोचना और शैली विज्ञान )
**वार्षिक परीक्षा, 2020**

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. प्लेटो के अनुकरण सिद्धान्त की समीक्षा कीजिए ।
2. कविता के सम्बन्ध में व्यक्त प्लेटो के विचारों का मूल्यांकन कीजिए ।
3. अरस्तू के विरेचन–सिद्धान्त पर प्रकाश डालिए ।
4. लोंजाइनस के 'उदात्त' सम्बन्धी विचारों की समीक्षा कीजिए ।
5. होरेस के काव्य सम्बन्धी मतों का उल्लेख कीजिए ।
6. आई० ए० रिचर्ड्स के सम्प्रेषण–सिद्धान्त का विश्लेषण कीजिए ।
7. आई० ए० रिचर्ड्स द्वारा प्रतिपादित कविता की परिभाषा की समीक्षा कीजिए ।
8. परम्परा और वैयक्तिक प्रज्ञा के संदर्भ में परम्परा बोध का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।
9. मनोविश्लेषण और साहित्यिक आलोचना पर एक समीक्षात्मक लेख लिखिए ।
10. शैली विज्ञान के क्षेत्र का विवेचन कीजिए ।

• • •

# नालन्दा खुला विश्वविद्यालय
## एम०ए० हिन्दी, पार्ट-II
## पत्र-XVI
### ( हिन्दी भाषा की संरचना )
**वार्षिक परीक्षा, 2020**

**समय : 3 घण्टा** **पूर्णांक : 80**

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

1. भारोपीय भाषा परिवार पर एक निबन्ध लिखिए ।

2. हिन्दी भाषा की उत्पत्ति और विकास पर प्रकाश डालिए ।

3. हिन्दी की प्रमुख उपभाषाओं और बोलियों का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

4. हिन्दी के स्वर–व्यंजन ध्वनियों का परिचय दीजिए ।

5. टिप्पणी लिखिए :–
   (क) महाप्राण ध्वनियां
   (ख) बलाघात

6. सम्बन्ध तत्त्व के प्रकारों पर प्रकाश डालिए ।

7. शब्द और पद के अन्तर को स्पष्ट कीजिए ।

8. वाक्य के स्वरूप की विवेचना कीजिए ।

9. ब्राह्मी लिपि से विकसित लिपियों का परिचय दीजिए ।

10. देवनागरी लिपि की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

• • •